# सड़क हादसा में गर्भवती महिला सहित दंपति घायल

**संजीवनी 108 की तत्परता से बची जान**

**नवभारत, बालाघाट।** 01 जनवरी 2026 को रामपायली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनझरा के पास पेट्रोल पंप के समीप एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब महाराष्ट्र के भंडारा जिले के शाहपुर निवासी राजू बांगड़े अपनी पत्नी सोनम बांगड़े के साथ अरंडिया अपने दादा ससुर के दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद घायल दंपती द्वारा संजीवनी आपातकालीन सेवा 108 पर सूचना दी गई।





सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और चिकित्सक डॉ. गौरी शंकर पटले द्वारा प्राथमिक उपचार देते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली लाया गया।

चिकित्सकीय जांच के दौरान पता चला कि घायल महिला आठ माह की गर्भवती है और उसे खून की उल्टियां होने के साथ बेहोशी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने तत्काल महिला को जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर कर दिया ।घायल महिला एवं गर्भ में पल रहे शिशु की जान बचाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा संजीवनी 108 के स्टाफ पीएमटी सुनील चौहान, ओमप्रकाश राणा, पायलट प्रवीण कावरे एवं योगेश रागडाले, सचिन चौरे की त्वरित और सराहनीय भूमिका रही। स्थानीय नागरिकों ने भी संजीवनी 108 की तत्पर सेवा की सराहना करते हुए इसे जीवन रक्षक सेवा बताया।

# मगरदर्रा जंगल में मिला तेन्दुआ का शव

**नवभारत, परसवाड़ा।** उत्तर बालाघाट सामान्य वनमण्डल के दक्षिण परिक्षेत्र लामता की सीमा अंतर्गत मगरदर्रा के कक्ष क्र,,1392, से लगभग 100 मीटर दुरी पर राजस्व क्षेत्र मे मृत पड़ा हुआ देखा गया, रात्रि कालीन गस्ती के दौरान दिनाक 31/12/,2025 दिन बुधवार के रात्रि मे मृत तेंदुआ शव दिखाई पड़ा मिला, जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारी को दी गई, सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर स्थल निरीक्षण करते हुए घेराबंदी की गई, इसके पश्चात पशु चिकित्सक की टीम द्वारा तेन्दुआ का शव घटना स्थल पर पोस्ट मार्डम किया गया।

पशु चिकित्सक आर, एस नगपुरे द्वारा मृत तेंदुआ का पोस्टमार्डम द्वारा किया गया, उत्तर सामान्य वन मंडल बालाघाट के



वनमण्डलाधिकारी श्री धुर्वे जी एव परिक्षेत्र अधिकारी लामता की उपस्थिति मे पोस्टमार्डम कर मौके स्थल पर वन्य प्राणी तेंदुआ के शव का अग्नि संस्कार किया गया, मौके पर उपस्थित डा0 घनश्याम परते, डा0 आर, एस, नगपुरे, डा पुजा धुर्वे,, राकेश शाक्यवार, शिवम पुरी गोस्वामी, मुकेश बघेल, तहसीलदार बालाघाट मंजूला मोबिया सरपंच मगरदर्रा, फूलचंद चौधरी,, आर एस परते मगरदर्रा, कंचन खण्डागले, गिरिश चौहान, रजत बोपचे, यश भैरम, आशिष नेहर, मानेन्दसिंह पटेल, श्री मति दिशा दमाहे, निरज खटिक, राजा मेरावी, देवांशु यादव, दीपक सेंगर, साजिद खान, मंगल ऐडे इन सभी की उपस्थिति रही।

मृत तेंदुआ का मौत का कारण स्पस्ट नही हुआ, लेब परीक्षण के उपरांत ही मौत का कारण स्पस्ट होगा।

# गौ माता में 33 कोटी देवी देवता निवास करते हैं : शंकर बिसेन

**नवभारत, परसवाड़ा।** आज ग्राम दुगलई समनापुर में गोकुलधाम गौ माता गाय बछड़े की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें जनपद उपाध्यक्ष बालाघाट शंकर बिसेन द्वारा कहा गया कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे कार्यकाल में मेरी कर्मभूमि दुगलई में गाय माता की प्रतिमा पूरे हर्ष उल्लास के साथ एवं विधि विधान के साथ स्थापित की गई जिस कार्यक्रम में ग्वाल वंशी समाज के सभी साथियों के साथ ग्राम के सर्व समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जन के साथ जनपद



अध्यक्ष फूलचंद सहारे ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पूनम गणेश लिल्हारे जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपचंद ठाकरे जनपद सदस्य प्रतिनिधि ह्यूमन बागरेश सरपंच ग्राम पंचायत मगर दर्रा फूलचंद चौधरी ग्राम पंचायत आमगांव पूर्व सरपंच सुदामा नगपुरे ग्राम स्थाई पुलिस पटेल मोहनलाल शरणागत स्थाई पुलिस पटेल रामदयाल राहंगडाले उप सरपंच सोहनलाल सरनागत एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## हॉक फोर्स मुख्यालय कनकी में सैनिक सम्मेलन, बालाघाट नक्सल मुक्त घोषित

**बालाघाट।** लगभग 35 वर्षों तक नक्सल समस्या से जूझने के बाद बालाघाट जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। माह दिसंबर 2025 में सभी सक्रिय नक्सलियों द्वारा शासन के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की प्रतिबद्धता व्यक्त किए जाने के पश्चात जिले को नक्सल मुक्त घोषित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में हॉक फोर्स मुख्यालय कनकी में एक भव्य सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन प्रेरणादायी बौद्धिक सत्र

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस गुरुवार 1 जनवरी 2026 को एक प्रेरणास्पद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर 29 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक ग्राम कुम्हारी स्थित पीएम श्री रानी अवंतीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है।

बौद्धिक सत्र का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, अमूल्य रत्नों से परिपूर्ण भारतभूमि के ज्योतिर्मय रत्न स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर रक्षित शौर्य फाउंडेशन की संयोजिका जय श्री सोनवाने, एनसीसी अधिकारी एवं प्राध्यापक डॉ. गजानन कटरे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातूलकर, डॉ. अनिल कुमार पंचारिया, पूर्व जिला समन्वयक एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. वाय. वी. कस्बे, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं सेवानिवृत्त




प्राध्यापक प्रो. पी. के. जैन सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे विशेष रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की रूपरेखा का वाचन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुखचंद्र ऐड़े (बालक इकाई) द्वारा किया गया। इसके पश्चात अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधन प्रारंभ हुए।

मुख्य वक्ता जय श्री सोनवाने ने महिला सशक्तिकरण के विविध उदाहरण प्रस्तुत करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को दी।

एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के जीवन में महत्व, शिविरों से मिलने वाली सीख तथा एनएसएस और एनसीसी शिविरों के बीच के अंतर को स्पष्ट किया ।डॉ. अनिल कुमार पंचारिया ने एनएसएस की भावना को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातूलकर ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मंच संचालन, व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण जैसी महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी क्षमताएं प्राप्त होती हैं ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अंतिम वक्ता प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के उद्घोष के साथ अपने प्रेरक उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने अपने एनएसएस समन्वयक काल के अनुभव साझा करते हुए 'नदियां न पिएं कभी अपना जल, वृक्ष न खाएं कभी अपना फल' जैसे परमार्थ भाव से परिपूर्ण गीत गाकर स्वयंसेवकों में सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया ।कार्यक्रम के अंत में बालिका इकाई की प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना कोरी ने आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय द्वारा 'शिविर दर्पण' पत्रिका का विमोचन किया गया एवं रैली पोस्ट के समक्ष सामूहिक छायाचित्र लिया गया।

**नस्वार्थ सेवा कार्यों का विस्तार से वर्णन किया**

पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पी. के. जैन ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की बारीकियों को समझने, सूक्ष्म बातों को नोट करने तथा समय के अनुसार स्वयं को ढालने की प्रेरणा दी।

पूर्व जिला समन्वयक डॉ. वाय. वी. कस्बे ने एनएसएस चक्र की आठ तीलियों, इसकी स्थापना के उद्देश्य, बालाघाट में एनएसएस की शुरुआत तथा कोविड काल में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए निस्वार्थ सेवा कार्यों का विस्तार से वर्णन किया।

# सातनारी लघु जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर

**जून 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य**

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले की लामता तहसील के अंतर्गत ग्राम बुढ़ियागांव के समीप स्थानीय नाले से बहने वाले पानी को रोककर सिंचाई के लिए उपयोग करने सातनारी जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। इस जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में वन विभाग एवं सिंचाई विभाग द्वारा नाला क्लोजर एवं नहर निर्माण के कार्य में आ



रही बाधाओं को दूर कर इस कार्य को तेजी प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक टीएल बैठक में इस जलाशय के निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री यूएस परते ने बताया कि सातनारी जलाशय निर्माण के लिए वर्ष 1980 में 24 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना के बांध एवं नहर निर्माण कार्य में 53.40 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होने एवं 1980 में वन संरक्षण अधिनियम के लागू होने के कारण योजना का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। कृषकों की मांग एवं इस जलाशय की उपयोगिता को देखते हुए वर्ष 2021 में इस जलाशय के निर्माण के लिए 10 करोड़ 29 लाख 12 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर द्वारा इस जलाशय एवं नहर के निर्माण में आ रही वन भूमि के एवज में ग्राम पाण्डेवाड़ा एवं कनारी में 73.36 हेक्टेयर राजस्व भूमि वन विभाग को हस्तांतरित की गई है। इस जलाशय की नहरों का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नाला क्लोजर का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य को जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने के लिए निर्माण कार्य की सतत निगरानी की जा रही है।

## उमंग, उच्च शिक्षा, हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित

**बड़ी खैरी।** उमंग, उच्च शिक्षा, हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस रानी दुर्गावती स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं संगोष्ठी में विस्तृत चर्चा की गई। एचव्ही, सिकिल सेल, बीएमआई, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, आभा आईडी तथा सामान्य जांचें कर उपचार कर दवाईयां दी गई। डॉ. डीके मरकाम जिला स्वास्थ्य अधिकारी 2 के द्वारा उपस्थित छात्र, छात्राओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# स्व . सुषमा घुले की स्मृति में ओपन जिम का हुआ शुभारंभ



**नवभारत,परसवाड़ा।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए स्वर्गीय सुषमा घुले की स्मृति में परिजनों द्वारा ओपन जिम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

ओपन जिम का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने स्व. सुषमा घुले के जीवन और उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ओपन जिम की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं को नियमित व्यायाम करने की सुविधा मिलेगी, जिससे लोग स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित होंगे। यह जिम सभी वर्गों के लिए नि:शुल्क रहेगा।

**भाऊ अपने सेवाभाव से कहलाते है सर्वमान्य नेता- भारती ठाकुर**

# सेवा दिवस के रूप में मनाया नपा ने गौरीभाऊ का जन्मदिन

**नवभारत, बालाघाट।** आज हमारे जैसे जो लोग राजनीतिक एवं सामाजिक पदों पर है और सेवाकार्य कर रहे है इसके प्रेरणास्त्रोत गौरीभाऊ है जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा में बिताया और हमें पीड़ित और समस्याग्रस्त लोगों के साथ खड़े रहने की सीख दी है। जिन्होंने विकास कार्यो को बड़ी सेवा बताया है आज गौरीभाऊ के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र की कामना उस व्यक्तित्व के लिये है उन्होंने सबके लिए राजनीति की नई परिभाषा और आयाम स्थापित किये है। उक्ताशय की बातें बालाघाट नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने नपा द्वारा पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के जन्मदिन पर 1 जनवरी को आयोजित स्वास्थ्य शिविर, लोकार्पण, भूमिपूजन, स्वच्छता महाअभियान तथा जिला चिकित्सालय में मरीजों को भोजन वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का स्वामित्व हितग्राहियों को सौंपने के दौरान कही।

नपाध्यक्ष ने गौरीभाऊ के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए कहा भाऊ ऐसे



व्यक्तित्व है जिन्होंने जनसेवा को स्थापित करते हुए बालाघाट जिले के लिये विकास के द्वारा खोले है। आज उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि नगर में सरेखा आरओबी यातायात में सुगमता ला रहा है, अंडरब्रिज का निर्माण हुआ है। साथ ही गर्रा और भटेरा में आरओबी निर्माण कार्य चल रहा है। अनगिनत विकास कार्य ऐसे है जो हम उनके ही मार्गदर्शन में पूरा करते हुए निरंतर सौगात दे रहे है। भाऊ के सेवा संकल्प अविस्मरणीय है इसी से प्रेरणा लेकर हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन खिलाया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में गौरीभाऊ भी पहुंचे जिन्होंने सेवाभावी कार्यो की प्रशंसा करते हुए उत्साह बढ़ाया। उनके जन्मदिन पर नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, पूर्व नपाअध्यक्ष अनिल धुवारे, संजय मिश्रा,राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति संगीता कावरे, योगिता बोपचे, संगीता थापा,गौरी लिल्हारे, कमलेश पांचे, उज्जवल आमाडारे, समीर जैसवाल,मनीष नेमा,दीनू बसेने,खगेश कावरे, विनय बोपचे, छोटू थापा,धीरज सुराना,गजेन्द्र भारद्वाज, जैनेन्द्र कटरे, राजेश लिल्हारे, संजू वराड़े, अखिलेश चौरे, नपा के स्वास्थ्य, नियोजन एवं अन्य शाखाओं के कर्मचारियों के अलावा, गणमान्य नागरिक, उपस्थित थे।

**भागवत कथा** | **हनुमान जी के भजनों में जमकर थिरके पूर्व मंत्री जायसवाल**

# मन को शांति दिलवाना ही भागवत कथा का उद्देश्य है

**नवभारत, वारासिवनी।** नये साल की शुरूवात मे प्रथम दिवस भी पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने दिन भर धार्मिक कार्यक्रमो मे शामिल होकर क्षेत्र मे सकरात्मक सोच और गरीबो की मदद करने के भावो का संदेश दिया। मदनपुर मे श्रीमद भागवत कथा के पश्चात दोपहर समय मे श्री सांई मंदिर के 16 वे वार्षिक उत्सव सांईधाम झालीवाडा के समापन मे आयोजित विशाल भंडारा और शाम के समय कोस्ते रोड पर श्रीसाई वार्षिक उत्सव मे शामिल होकर जयकारो के साथ क्षेत्रवासीयो को नव वर्ष की शुभकामनाये प्रेषित की।

ग्राम मदनपुर मे अम्रत वर्षा रूपी भागवत कथा मे व्यासपीठ पर कथावाचिका प्रियंका किशोरी व्रंदावन धाम को नमन करने के बाद महाआरती मे भी शामिल होने का कार्य किया। इस अवसर पर भक्तो के अपार समुदाय को संबोधित करते हुये प्रदीप



जायसवाल ने कहा की इस कथा का मुख्य उद्वेश्य ही आत्मा का परमात्मा से मिलन कराना है। भक्ति और ज्ञान के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाकर अपने मन को शांति दिलवाना है। जिसके लिये श्रीक्रष्ण की लीलाओ और उपदेश का श्रवण किया जाता है। जिससे आध्यात्मिक विकास होता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

शाम के समय मे गुडडा भैया ने वार्ड एक शंकर नगर कोस्ते रोड पर परपंरा के अनुसार चैनलाल जैतवार के द्वारा आयोजित श्री सांई पूजा, सांई महाप्रसाद भंडारा कार्यक्रम मे शामिल होकर सांईनाथ महाराज की स्तुति की। इस अवसर पर प्रसिद्व भजन गायक आदित्य खंजाची के भजनो के बीच सजीव झांकी हनुमान जी ने उन्हे न्रत्य करने के लिये जैसे ही आमंत्रित किया वैसे ही पुरे परिसर मे भक्तो मे एक नया उत्साह सा परिलक्षित होते देखा गया। इन पलो मे सर्वश्री जसवंत पटले, मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी मनोज दांदरे आदि साथ भी रहे। झालीवाडा ग्राम के धार्मिक कार्यक्रम मे पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, जगदीश पटले, गुडडा पटले, राम खंडेलवाल, अजय पटले, आशिष देशमुख, छोटू टेंभरे, ओरेलाल बघेले,पुलकित पटले,अरविंद देशमुख आदि साथ रहे।

**16 वे वार्षिक उत्सव सांईधाम झालीवाडा का समापन**

इसी तरह गुडडा भैया दोपहर समय मे श्री सांई मंदिर के 16 वे वार्षिक उत्सव सांईधाम झालीवाडा के समापन मे आयोजित सांई की रसोई विशाल भंडारा मे शामिल होकर भोजनरूपी प्रसाद ग्रहण किया। इसी समय कंटगी के विधायक गौरव सिंह पारधी ने जैसे ही गुडडा भैया को भोजन करते देखा वैसे ही उन्होने भी भोजन परोसने वाली टीम मे शामिल होकर गुडडा भैया को भोजन परोसकर अपने स्नेह का परिचय दिया। इस द्रश्य को देखकर हजारो भक्त भी बेहद प्रसन्नचित नजर आये।

## कृषि महाविद्यालय में मशरूम यूनिट का भव्य उद्घाटन

**बालाघाट।** कृषि शिक्षा को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान करने तथा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कृषि महाविद्यालय बालाघाट में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत मशरूम उत्पादन इकाई (मशरूम यूनिट) का भव्य उद्घाटन किया गया। इस यूनिट की स्थापना छात्रों के शैक्षणिक विकास, कृषकों के प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से की गई है ।मशरूम यूनिट की स्थापना कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख के मार्गदर्शन में तथा डॉ. रमेश अमुले के अथक प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उद्घाटन अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने कहा कि मशरूम उत्पादन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला, पोषण से भरपूर एवं पर्यावरण-अनुकूल व्यवसाय है।

# आजादी के दशकों बाद भी अंधेरे में भड़गा टोला

**मवई।** विकासखंड मवई के ग्राम भड़गा टोला में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने अब जन-आक्रोश का रूप ले लिया है। वर्षों से बिजली, सड़क और शुद्ध पेयजल जैसी अनिवार्य सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और जल्द निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में बताया गया कि आधुनिक युग में भी भड़गा टोला विद्युत सुविधा से पूरी तरह वंचित है। टोले तक पहुँचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही नालों पर पुल-पुलिया। आलम यह है कि बारिश के दिनों में उफनते नालों के कारण गांव का संपर्क तहसील मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता है। सड़क और संपर्क के अभाव में यहाँ रहने वाले आदिवासी और बैगा परिवारों तक न तो एम्बुलेंस पहुँच पाती है और न ही बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं।

**दूषित पानी और आंगनबाड़ी का अभाव**-ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के दावों के बीच उन्हें आज भी दूषित पानी पीना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही, टोले में आंगनबाड़ी केंद्र न होने के कारण नौनिहालों को पौष्टिक आहार और प्रारंभिक शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष रानू हरदहा ने इसे आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार के अंतिम व्यक्ति तक लाभ के दावे को पूरी तरह खोखला करार दिया।